प्रेस नोट

दिनांक 30.06.2025

गरिमामय सेवानिवृत्ति, विदाई समारोह-

पुलिस लाइन हमीरपुर में आज दिनांक 30.06.2025 को एक गरिमामय सेवानिवृत्ति/विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को सम्मानित किया । इस महत्वपूर्ण अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी / कर्मचारी के कार्यों की सराहना की।

उ0नि0 विजय प्रकाश श्रीवास्तव जिनके नेतृत्व और कार्यकुशलता की सराहना पूरे विभाग में की जाती है। उन्होंने अपनी सेवाओं के दौरान पुलिस बल के मनोबल को बढ़ाने में अहम योगदान दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने अपने संबोधन में उ0नि0 विजय प्रकाश श्रीवास्तव के योगदान की प्रशंसा की और पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये न केवल विभाग बल्कि समाज के प्रति भी अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया है।

समारोह के अंत में, सेवानिवृत्त को उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। पुलिस लाइन हमीरपुर के प्रतिसार निरीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी सेवानिवृत्त उ0नि0 विजय प्रकाश श्रीवास्तव को भावभीनी विदाई दी। सभी ने मिलकर उनकी सेवा और समर्पण को नमन किया।